## खबर संक्षेप



### धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे कर्मचारी

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मीटिंग कर्ण गेट स्थित सर्व कर्मचारी संघ के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सियानंद परोचा ने की व संचालन जिला सचिव बलराज सिंह ने किया। विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 21 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास पर धरना देकर विरोध जताया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। वर्षों से मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास संघ करता आ रहा है।

### श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**करनाल।** इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन वीरवार, 4 जुलाई 2024 को शान्तमूर्ति महासाध्वी प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी जागृति जी महाराज की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं।



### गांवों के विकास को सरकार के नायाब फैसले: योगेन्द्र

**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने असंध विधानसभा के बल्ला मंडल के गांव पधाना एवं रिसालवा में उपस्थित जनसमूह को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री बनने पर बधाई दी और उपस्थित ग्रामवासियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनाल लोकसभा में भारी जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए उनका आभार भी प्रकट किया। इस मौके पर बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा, शक्ति केंद्र प्रमुख नाथी राम, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा आदि रहे।

### नई अनाज मंडी में विशाल भंडारे का आयोजन

**घरौंडा।** बुधवार को शहर की सुख शांति के लिए,नई अनाज मंडी में सभी के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह पहले .हवन यज्ञ कर नगर खेड़ा में प्रशाद चढ़ाया गया। मंडी के आढ़तियों के द्वारा यह भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शहर के गणमान्य,विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओ, मंडी मुनीम व आमजन ने भंडारे में प्रशाद ग्रहण किया।

### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 7 को

**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी स्वर्गीय सुमेर चंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में सरस्वती मैडिसन एजेंसी कुरुक्षेत्र एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 7 जुलाई को अग्रवाल धर्मशाला, नजदीक रेलवे स्टेशन, कुरूक्षेत्र में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सरस्वती मेडिसन एजेंसी के संचालक वेद भूषण अग्रवाल, भारत भूषण अग्रवाल तथा विनोद अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से स्वर्गीय श्री सुमेर चंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार रक्तदान शिविर का आयोजन 7 जुलाई को अग्रवाल धर्मशाला, नजदीक रेलवे स्टेशन, कुरूक्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 से 60 साल तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

## जनता से मिले जनसमर्थन और आशीर्वाद के लिए करेंगी आभार व्यक्त

# मुख्यमंत्री की पत्नी कार्यकर्ताओं के घर जाकर देंगी अभिवादन दस्तक

### धन्यवादी दौरों के दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी कार्यकर्ताओं के साथ जनता से भी करेंगी मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री और करनाल की जनता के आशीर्वाद से करनाल के विधायक बने नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी शनिवार से करनाल में धन्यवादी दौरे करेंगी। करनाल की जनता ने नायब सिंह सैनी को जो मान सम्मान दिया और जो विश्वास जताया और जो आशीर्वाद दिया उसके लिए सुमन सैनी करनाल की जनता का आभार व्यक्त करेंगी और कार्यकर्ताओं के घर पर अभिवादन दस्तक देंगी।सफल आयोजन को लेकर धन्यवाद समारोह आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजन समिति की बैठक में जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, सीएम के ओएसडी संजय बठला, पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर एवं कुरुक्षेत्र भाजपा प्रभारी जगमोहन आनंद, जिला महामंत्री सुनील गोयल, करनाल जिला आईटी सेल प्रमुख विकास कथूरिया व शीशपाल राणा उपस्थित रहे। योगेंद्र राणा ने कहा कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने दिन रात एक करके करनाल की जनता से जो आशीर्वाद मांगा था। जनता के उसी आशीर्वाद से करनाल फिर सीएम सिटी बना। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल से विधायक बने। विधायक बनते ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के साथ-साथ करनाल में विकास को पंख देने में जुट गए हैं।

#### एक दिन में 5 कार्यक्रम

*धन्यवाद समारोह आयोजन समिति की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी द्वारा एक दिन में पांच कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पहले कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे होगा और अंतिम कार्यक्रम का समय शाम 5 बजे का रहेगा। इस दौरान सुमन सैनी आयोजनकर्ताओं और आयोजन समन्वयकों का फूलमालाओं से अभिनंदन करेंगी। इस दौरान स्थानीय नेतागण, मुख्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।*

#### हर वार्ड-हर गांव में होगा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी की ओर से यह कार्यक्रम हर वार्ड और हर गांव में आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सुमन सैनी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता का आभार जताएंगी। जहां-जहां पर मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए थे और जिन कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की प्रचंड जीत में सक्रिय भूमिका निभाई थी। सुमन सैनी उनके घर द्वार पर जाएंगी और धन्यवाद करेंगी।

### विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों को मिली सौगात के लिए सीएम का जताया आभार



**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों की वित्तीय शक्तियों में बढ़ोतरी किए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार प्रकट किया और पंचायत प्रतिनिधियों को मिली सौगात के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निःसंदेह अब ग्रामीण विकास की गति और तेज होगी तथा लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़े विकास कार्य पूरे होंगे। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आज इस राज्य स्तरीय सम्मेलन के माध्यम से सरपंचों को विकास कार्यों के लिए विभिन्न शक्तियां प्रदान की जा रही हैं। जो कठिनाइयां सरपंचों के सामने आ रही थीं आज उनका समाधान होने जा रहा है। उन्होंने सरपंचों को आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की यह समस्त टीम आने वाले दिनों में हरियाणा का नक्शा बदलने का काम करेगी और आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार का साथ देते हुए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि अब सरपंच ई-टेंडरिंग के बगैर 21 लाख रुपए तक के विकास कार्य अपनी ग्राम पंचायतों में करवा सकेंगे। इससे पहले यह लिमिट 5 लाख रुपए थी। इसके साथ ही सरपंचों को टीए/डीए देने का भी मुख्यमंत्री ने घोषणा की है। इतना ही नहीं अब सरपंच ग्राम पंचायतों के कार्यों के लिए अपनी गाड़ी या टैक्सी से यात्रा करने पर 16 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से यात्रा खर्च क्लेम कर सकेंगे। इतना ही नहीं, टीए/डीए क्लेम करने के बिल का अनुमोदन भी बीडीपीओ के स्तर पर ही हो जाएगा।

## विमुक्त एवं घुमन्तू जनजातियों का प्राचीन इतिहास रहा है गौरवमयी: राजेश वैध



**तराबड़ी।** विमुक्त एवं घुमन्तू जनजाति के लोगों को संबोधित करते हुए राजेश वैद्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भारतीय विमुक्त एवं घूमन्तु जनजाति ने हमेशा भारत के नवनिर्माण में अपना विशेष योगदान दिया है और हमेशा ही अपनी संस्कृति व मूल्यों को संजो कर रखा है उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य राजेश वैध ने विमुक्त एवं घुमन्तू जनजाति के लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वैध ने कहा कि घुमन्तू जनजाति के लोगों ने कड़ी मेहनत के बल पर देश के नवनिर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई है किन्तु इनकी मेहनत के अनुरूप इस समाज को सम्मान नहीं दिया है व लगातार सरकार द्वारा इनकी अनदेखी की जा रही है। राजेश वैध ने कहा कि मौजूदा बीजेपी सरकारों के चुने हुए जनप्रतिनिधियो ने विमुक्त घूमन्तु जनजातियों के मौलिक अधिकारों की कभी बात नहीं रखी और हमेशा इनके हितों के साथ खिलवाड़ किया है और इस समाज को केवल ओर केवल गुमराह किया गया है। वैध ने आगे कहा कि बीजेपी सरकार को सामाजिक संगठनों ने सेंकड़ों बार अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिये लेकिन बीजेपी सरकार ने कभी भी इनकी मांगो को नहीं माना और इनके अधिकारों के लिए बनाये गये आयोगों की सिफरिशो की भी अनदेखी कर इनके साथ अन्याय किया है। राजेश वैध ने कहा कि विमुक्त एवं घुमन्तू जनजातियों की सरकारी नौकरियों में संख्या न के बराबर है और शिक्षा के क्षेत्र में भी समाज में पिछड़ापन है। वैध ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर घुमन्तू एवं विमुक्त समाज की सभी जायज मांगों को पूरा कराया जाएगा।

#### यहां ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व पार्षद पूजा रानी, एडवोकेट विश्वनाथ शर्मा , एडवोकेट संजीव ,एडवोकेट समता राय, सोशल मीडिया इंचार्ज अनिल चावरिया, नाथी राम सिंगर, जगदीश चंद,बलराज,मेहर चंद,सत्यनारायण, बलबीरसिंह अतिश,कुलदीप सिंह, चम्पा देवी समेत सेंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करनाल में हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित, हरीश चंद्र बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा हेल्थ मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन की एक अहम बैठक संस्था के राज्य प्रधान अमित बुरा की अध्यक्षता में हुई जिसमें संगठन की करनाल कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से करनाल स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सहायक हरीश चंद्र को जिला प्रधान के रूप में नामित किया गया। सहायक शौकीन को वरिष्ठ उपप्रधान चुना गया।

कार्यकारिणी में सुमन को उप प्रधान, रजत को सचिव, प्रीतम सिंह को कोषाध्यक्ष, रणवीर सिंह को वरिष्ठ सलाहकार और मनोज कुमार को ऑडिटर की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त पूर्व प्रधान मांगेराम को सर्वसम्मति से चेयरपर्सन चुना गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान हरीश चंद्र ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए आश्वाशन दिया कि हम सभी संगठित रूप में कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## विद्यालय जाकर देखी साफ-सफाई की व्यवस्था

- विद्यार्थियों को मलेरिया एवं ढेंगू से बचाव के लिए बताए उपाय, साफ-सफाई अपनाने पर दिया जोर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय के निर्देशानुसार नगर निगम करनाल शहर में सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ अभियान चला रहा है। इसके तहत बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं बगवाड़िया गैस एजेंसी के निकट कर्ण पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नगर निगम करनाल की स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम ने पहले खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान को साथ लेकर कार्यालय में लगे कूलर का पानी और परिसर की साफ-सफाई चेक की। इसके पश्चात पौधारोपन भी किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सेवादार को निर्देश दिए कि वह नियमित कूलर का पानी बदलेंगे और कार्यालय की अच्छे से साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त कोई भी बेकार सामान नहीं पड़ा होना चाहिए। इसके पश्चात टीम ने कर्ण पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया और साफ-सफाई जांची। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थियों को मलेरिया एवं ढेंगू से बचाव के तौर-तरीके बताए गए। ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह ने बताया कि बच्चों को समय-समय पर साबुन के साथ हाथ व मुहं धोना चाहिए। बच्चे घर की छतों की साफ-सफाई रखें। टिन या टायर इत्यादि में पानी जमा न होने दें। कूलर का पानी नियमित बदला जाए। खुले में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। मलेरिया दवाई का छिड़काव करें।

#### शहरवासियों से यह की अपील

उन्होंने शहर वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि बरसाती सीजन शुरू हो चुका है, जिसमें मच्छरों की तादाद बढ़ जाती है। इससे मलेरिया व डेंगू इत्यादि बीमारी फैलने का भय बना रहता है। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों से बचाव के लिए नागरिक अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखें। घर के आगे से गुजरने वाली नालियों की भी नियमित सफाई करते रहें, इनमें पानी खड़ा ना रहने दें, क्योंकि रूके हुए पानी में ऐसे मच्छर ज्यादा होते हैं।

## निपुण कार्यक्रम के तहत 50 मास्टर ट्रेनरों का सम्मान

- प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं केआरपी : डीईओ सुदेश ठुकराल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



राजकीय उच्च विद्यालय सेक्टर 13 में निपुण मिशन हरियाणा कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा विभाग करनाल द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल एवं जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के नेतृत्व में आज जिले के मास्टर ट्रेनरों के लिए जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉकों से 50 मास्टर ट्रेनरों को सम्मानित किया गया। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में डीपीसी, एपीसी, डीएमएस, डीएसएस सभी खंडों के बीईओ, बीआरसी, बीआरपी, एबीआरसी, डाईट शाहपुर से सभी अधिकारियों ने भाग लिया। निपुण मिशन कार्यक्रम के तहत जिले के 2560 अध्यापकों को प्रशिक्षण देने वाले 50 मास्टर ट्रेनरों को जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार डाईट शाहपुर द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल ने सभी केआरपी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने में सभी केआरपी सक्रिय भूमिका निभाएं। विद्यालयवार विस्तृत रूप से मॉनिटरिंग करें। निपुण कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले अध्यापकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डीईओ सुदेश ठुकराल, डीपीसी उर्वशी विज, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा, डाईट शाहपुर से सुनीता, बीईओ सीमा मदान, राममूर्ति शर्मा, बलजीत सिंह, बीआरसी रेनू मलिक, धर्मपाल, उल्लास कोऑर्डिनेटर अनिल सैनी, संपर्क फाउंडेशन कोर्डिनेटर पूजा, दलीप सिंह, ब्लॉक एफएलएन कोऑर्डिनेटर अनूप सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, सुनील दूल, सुमन रहे।

## समाधान शिविरों में 18 शिकायतों को अफसरों ने मौके पर निपटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नियमित रूप से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यहां लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 18 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। करनाल में आयोजित शिविर में दो मामले निपटाए गए। निसिंग ब्लॉक के सुभाष चंद और मुनक के अमरजीत की परिवार पहचान पत्र में आय संशोधित की गई। इसी प्रकार इन्द्री में क्रीड विभाग द्वारा पांच में से चार,घरौंडा में संपत्ति कर की आठ, राशन कार्ड संबंधी एक और नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा पेंशन संबंधी एक शिकायत का निपटारा किया गया। नीलोखेड़ी में समाज कल्याण विभाग द्वारा बुढ़ापा पेंशन संबंधी चार में से दो शिकायतें निपटाई गई।

## हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर धारा-187 लागू

- परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में धारा 187 के तहत रहेगी पाबंदियां
- 3 से 11 जुलाई तक आयोजित होगी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा शिक्षा बोर्ड, भिवानी की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित आयोजित करवाने के लिए जिलाधीश उत्तम सिंह ने जिले में अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 187 लागू करने के आदेश जारी किये हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर परिधि में धारा 187 के तहत पाबंदियां रहेंगी। 3 जुलाई से 11 जुलाई के मध्य हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक (पूरक विषय, री अपीयर, अंक सुधार) परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।जिलाधीश उत्तम सिंह द्वारा जारी किए आदेशों में कहा गया है कि परीक्षाओं को निर्बाध व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अपराध प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत यह आदेश जारी किए गए हैं, जिसके तहत करनाल जिला की सीमा में आने वाले सभी परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 5 या उससे अधिक लोगों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी। इस परिधि में अग्नि शस्त्र, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार लेकर कोई भी व्यक्ति नहीं चल सकेगा। आदेशों में कहा गया है कि यह आदेश परीक्षार्थियों ड्यूटी देने वाले स्टाफ व पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि जो भी जारी किए गए आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लोगों को प्लास्टिक त्यागने का दिलाया संकल्पः अभिषेक मीणा

# नगर निगम ने मनाया प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

- एकल प्रयोग प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए हानिकारक, नागरिक कपड़ा, जूट या पेपर बैग का करें इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर बुधवार को शहर की नेहरू पैलेस मार्किट एवं कर्ण गेट बाजार में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सफाई शाखा के अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम तथा नेहरू पैलेस मार्किट एसोसिएशन के सदस्य एवं दुकानदार उपस्थित हुए। निगमायुक्त ने बताया कि इस मौके पर नगर निगम की टीम ने हाथ में कपड़े से निर्मित थैलों को ऊंचा पकड़कर नागरिकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और इनके इस्तेमाल के लिए उन्हें जागरूक भी किया। दूसरी टीम ने दुकानों में जाकर एकल प्रयोग प्लास्टिक को न रखने को लेकर जागरूक किया। दुकानदारों व नागरिकों को प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी गई। इसके पश्चात टीम ने लोगों को कपड़े से निर्मित थैले बांटे। इस मौके पर लोगों ने भी प्लास्टिक त्यागने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण पर एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक की थैलियों के खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 3 जुलाई को मनाया जाने वाला यह दिवस एक वैश्विक पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक बैग के उपयोग को पूरी तरह से खत्म करना है। प्लास्टिक की थैलियां पर्यावरण पर भारी दबाव डालती हैं। इन्हें नष्ट होने में 500 साल तक का समय लग सकता है, इसलिए यह हमारे लैंडफिल में मौजूद चीजों का एक बड़ा हिस्सा हैं और हमारे जल मार्गों को भी प्रदूषित करते हैं। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक बैग पर निर्भरता को कम करने और टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाने के लिए सामूहिक जागरूकता पैदा करना है। यह दिन स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण हासिल करने के लिए प्लास्टिक बैग के उपयोग के खिलाफ व्यवहार परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करता है। यह दिन पर्यावरण, वन्य जीवन और मानव स्वास्थ्य पर प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों की याद दिलाने के रूप में भी काम करता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम शहर की संस्थाओं के साथ मिलकर एकल प्रयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने को लेकर कार्यक्रम करेगा और शहर में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य करनाल शहर को प्लास्टिक मुक्त करना है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पहले भी सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए हैं, जिसका काफी हद तक असर भी पड़ रहा है। निगम कार्यालय भी प्लास्टिक फ्री है, नगर निगम में एकल प्रयोग प्लास्टिक की वस्तु का प्रयोग नहीं किया जाता।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नेहरू पैलसे मार्किट एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, रवि चानना, हितेश परूथी के अतिरिक्त ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह तथा मोटीवेटर कुलदीप, मोहिन्द्र व दीपमाला उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने पुराना सब्जी मंडी के पास हितेश से मारपीट कर बाइक व नगदी छीनने वाले गिरोह के आरोपी मोहम्मद रकीब उर्फ बिल्ला पुत्र मोहम्मद रफी निवासी पहलवान चौक, कुटानी रोड पानीपत को गिरफ्तार किया है। स्नेचिंग की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में हितेश पुत्र नरेंद्र निवासी सेक्टर 12 की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### महिला की चेन छीनी

**पानीपत।** पानीपत शहर के सेक्टर 25, पार्ट टू में यहां की ही निवासी मीरा देवी की चेन झपट ली गई। वारदात को अंजाम उस वक्त दिया गया, जब महिला घरेलू सामान लेने के लिए पैदल-पैदल दुकान पर जा रही थी। रास्ते में एक पल्सर सवार दो बदमाशों ने अचानक गले पर झपटा मारा लिया। मीरा के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे नहीं मिले। मीरा की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जजपा की बैठक पांच को

**पानीपत।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 5 जुलाई को दोपहर 11 बजे पानीपत के सेक्टर 25 स्थित शगुन गार्डन में जिला कार्यकारिणी की बैठक लेंगे। यह जानकारी पार्टी जिला प्रभारी रोशन ढांडा ने दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, जिला प्रधान सुरेंद्र धौला, हल्का प्रधान बलकार देशवाल, युवा प्रधान टीपू पौडिया, इनसो प्रधान बलराज देशवाल, सुरेश, गुरप्रीत सिंह, रविंद्र देशवाल व पालू नौल्था आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आंदोलन करेंगे कर्मचारी

**पानीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला पानीपत की मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में अमरजीत मलिक जिला प्रधान, नीरज शर्मा जिला सचिव, रामकुमार राज्य प्रचार सचिव, शीशपाल मलिक जिला चेयरमैन, अंग्रेज सिंह, अजय मलिक, रमेश दुहन, खेमराज, दीपक जागलन, दीपक कुमार, नरेंद्र हुड्डा, राममेहर मलिक, सुल्तान पंवार, कृष्ण मास्टर, अनिल सिंह, सुखबीर, सत्यनारायण शर्मा व नवीन आदि मौजूद रहे।



### घरों से निकलने वाले कचरे को नालों में ना डालें

**यमुनानगर।** ट्विन सिटी (यमुनानगर-जगाधरी) में बारिश के पानी की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत नालों की गहराई तक सफाई की जा रही है और कूड़ा कर्कट को बाहर निकाला जा रहा है। ताकि बारिश होने पर शहर में जलभराव की समस्या ना हो सके। बुधवार को निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देश पर सीएसआई हरजीत सिंह व सीएसआई सुनील दत्त समेत अन्य अधिकारियों ने नालों की सफाई का निरीक्षण किया और स्वयं खड़े होकर नालों की सफाई करवाई।

### प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए बुधवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की। उन्होंने मौके पर शिविर में नागरिकों द्वारा रखी गई 72 समस्याओं का समाधान किया। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि बुधवार को शिविर में 72 समस्याएं रखी गई। जो प्रॉपर्टी, आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित थी।

---

### समाधान शिविर में पहुंची 301 शिकायतें, 78 का मौके पर समाधान किया

# जन सेवा में जुटा पानीपत का प्रशासनः डॉ वीरेंद्र

**पहले समस्या को लेकर आने वाले शिकायतकर्ता 11 बजे के बाद तक निसंकोच अपनी समस्या रख सकते थे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत




पानीपत के जिला सचिवालय में जन सुनवाई करते हुए प्रशासनिक अधिकारीगण। फोटोः हरिभूमि

राज्य सरकार की नई पहल के तहत आयोजित किये जा रहे समाधान शिविरों में समस्या लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ताओं को अब निर्धारित समय में सचिवालय पहुंच कर अपनी समस्याओं को प्रशासन के सामने रखना होगा। पहले समस्या को लेकर आने वाले शिकायतकर्ता 11 बजे के बाद तक निसंकोच अपनी समस्या रख सकते थे। अब इसके समय में बदलाव किया गया है। यह बदलाव मानसून के दस्तक के बाद लिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि दूर दराज से आने वाले शिकायतकर्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने शिकायतकर्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर अपनी समस्याएं लेकर आएं व समय की कीमत को पहचाने। आगामी 9 जुलाई से समाधान शिविर के समय में भी बदलाव किया गया है। अब वे शिविर 9 बजे से 11 बजे की बजाय 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जो शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर निर्धारित समय अवधि के बाद पहुंचते है उनके शिकायत पत्र पर अब सुनवाई अगले दिन होगी। वहीं, बुधवार को वन विभाग की तरफ से 250 पौधे उपायुक्त के माध्यम से वितरित किये गए। उपायुक्त ने बताया कि पेड़ लगाना हम सबका नैतिक दायित्व है। हमें शादी समारोह, जन्मदिन व अपने महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी इस दायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

## निष्काम सेवा करना हर युवा का कर्तव्य

- शिविर में आर्य कॉलेज के दो विद्यार्थियों का चयन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डा.जगदीश गुप्ता के साथ छात्र अंकित व नीतीश।

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस द्वारा राज्य स्तरीय कैंप का आयोजन हिमाचल प्रदेश के लाहोल स्पिती व मनाली में किया गया। शिविर में आर्य कॉलेज के दो विद्यार्थियों का चयन हुआ। इन दो विद्यार्थियों ने इस राज्यस्तरीय शिविर में भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन किया। बुधवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने दोनों स्वयं सेवकों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व कैंप में शानदार उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य मैं नहीं बल्कि आप लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को बनाए रखता है। कॉलेज के एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता ने बताया कि इस कैंप में आर्य कॉलेज के बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित ने स्पिती में भाग लिया। वहीं बी कॉम द्वितीय वर्ष के छात्र नीतीश ने हिमाचल के ही एबीवीआइएमएएस के हैड क्वाटर मनाली में शिविर में भाग लिया।

### घेवर का स्वाद ले रहे है नागरिक

**इसराना।** चौमासा लगते ही घेवर की महक उठ गई है। घेवर हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश गुजरात के साथ-साथ दिल्ली चण्डीगढ़ आदि में खूब पसंद किया जाता है। बाबा लाठे वाली गौशाला नौल्था का घेवर शुद्ध गाय के दूध ओर घी से तैयार किया जाता है। जिसमें जोधपुरी घेवर, राजस्थानी मखन मलाई, लक्ष्मी स्पेशल मावा पनीर, कोफी कनुफा घेवर, केसर घेवर, शिव स्पेशल घेवर स्वीट, दूध घेवर, मावा, रबड़ी बादाम, काजूए के साथ-साथ हरियाणवीं, राजस्थानी मावा रबड़ी घेवर काफी प्रसिद्ध है। यह जानकारी बाबा लाठे वाली गौशाला नौल्था के प्रधान रामकुमार जागलान ने दी।

### पानीपत पहुंचा शिक्षा रथ

**पानीपत।** शिक्षा रथ अभियान, बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड पानीपत में पहुंचा। जहां पर प्रिंसिपल प्रतिमा शर्मा, प्रवक्ता राममेहर रंगा व स्टाफ सदस्यों ने डीईओ राकेश बूरा का स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में डीईओ ने प्रिंसिपल, विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के साथ त्रिवेणी रोपित की।



पानीपत में दिल्ली के लिए रवाना होते ग्रामीण चौकीदार। फोटोः हरिभूमि

### ग्रामीण चौकीदारों ने दिल्ली कूच किया

**समालखा।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के तत्वावधान में के प्रदेश अध्यक्ष बुधराम ने बताया कि 30 जून को कुरुक्षेत्र से हरियाणा के सभी गांव से ग्रामीण चौकीदार पैदल यात्रा कर 5 तारीख को दिल्ली प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचकर पीएम नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपेंगे। बुधराम ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ग्रामीण चौकीदारों के बारे में कहते थे कि वह प्रदेश की आंख, कान व नाक हैं जो गांव की हर प्रकार की सूचना सरकार के पास पहुंचाने का काम करते हैं। फिर भी बीजेपी की सरकार में इनकी तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसको लेकर सभी ग्रामीण चौकीदारों में सरकार के प्रति भारी रोष है। इसे दशार्न के लिए चौकीदारों ने चौकीदार सभा काहनगढ़ के बैनर तले कुरुक्षेत्र से पैदल मार्च निकालते हुए दिल्ली पहुंचेंगे। इसी कड़ी में मंगलवार को रात्रि पड़ाव समालखा अनाज मंडी ब्लॉक प्रधान दीपक के नेतृत्व में किया है। इस अवसर पर राज्य महासचिव हरजिंदर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष महीपाल बालू, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मपाल भाटी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सतबीर पाडला, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक, अजय, सतीश, पवन, जसमेर, सतपाल, रिंकु व राजू आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण को बढ़ावा देना सबका कर्तव्य

- भाजपाइयों ने समालखा में पौधा रोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा



समालखा में पौधे रोपते हुए भाजपा के नेतागण। फोटोः हरिभूमि

समालखा विधानसभा क्षेत्र के गांव पट्टीकल्याणा के सिंगला फार्म हाउस, हल्दाना रोड पर जिला भाजपा के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, उपाध्यक्ष डॉ.हेमा रमन, जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर व सतबीर सिंगला ने आम, पीपल, नीम और बरगद का पौधा लगाकर किया। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भौतिक सुखों की लालसा में आज का मानव अनेक प्रकार के प्रदूषण फैला रहा है। जिसका दुष्प्रभाव मानव जीवन पर पड़ने लगा है यदि समय रहते इस और ध्यान नहीं दिया तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसलिए पीएम मोदी के आह्वान पर भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण अभियान शुरू किया है। डॉ.हेमा रमन ने कहा कि मानसून के दौरान प्रकृति श्रृंगार करती है और चारो तरफ हरियाली फैल जाती है। ऐसे समय में पौधारोपण करना काफी फायदेमंद है। इस अवसर पर अशोक सिंगला, गौरव सिंगला, मोहित गर्ग, मुकेश सिंगला, राजकुमार बंसल, सुखवीर, समालखा पार्षद संजय गोयल, मनीष कुमार ,राधेश्याम जिंदल व साहब सिंह रंगा ने भी पौधा रोपण किया।



पानीपत में दिल्ली के लिए रवाना होते ग्रामीण चौकीदार। फोटोः हरिभूमि

## पानीपत पुलिस ने साइबर क्राइम के विरूद्ध जनता को जागरूक किया

- सार्वजनिक स्थानों, स्कूल व कॉलेज में विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराधों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत पुलिस द्वारा बुधवार को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, स्कूल व कॉलेज में विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराधों व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक श्री राजबीर सिंह ने बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी के भी साथ साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते है तो बिना किसी देरी के जल्द से जल्द शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम थाना या नजदीकी थाना/चौकी में सूचना दें। 1930 पर तुरंत प्रभाव से शिकायत दे ट्रांजेक्शन फ्रीज करवाए और वित्तीय हानि से बचे।

## ब्राह्मण समाज एकजुट होः अशोक

- वेद पुराणों में पहले चार वर्ण प्रणाली होती थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



समालखा में बैठक करने के लिए पहुंचे ब्राह्मण समाज के नागरिक।

समरसता बनाए रखने के लिए एवं समस्त ब्राह्मण समाज के सभी अंश को एक मंच पर एकत्रित करने के लिए कठिन मेहनत से जोड़ना पड़ेगा। तभी समाज एकत्रित हो पाएगा। उक्त बातें समालखा में समस्त ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कुरुक्षेत्र से पहुंचे समाज के प्रवक्ता अशोक शर्मा ने कही। उन्होंने कहा वेद पुराणों में पहले चार वर्ण प्रणाली होती थी, वहीं बाद में विदेशी आक्रांताओं ने ब्राह्मण समाज को कमजोर करने के लिए अलग-अलग जातियां में बांट दिया। अशोक शर्मा ने कहा की पांचाल धीमान, जांगिड़, भट्ट, व्यास, जोगी, बैरागी, गोसाई, डकोत, महा ब्राह्मण, सारस्वत, त्यागी, गौड ब्राह्मण, पूर्वांचली, गढ़वाली, उपाध्याय, मैथिली समेत कुल 18 जाति ब्राह्मण के ही अंश है। अब समय आ गया है कि इन सभी जातियों को उचित सम्मान मिले। इसके अलावा जनेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समरसता अभियान की शुरूआत पूरे शोध के बाद 1 जनवरी 2023 को कुरुक्षेत्र से हुई। इसमें हम हरियाणा के 13 जिलों में 400 बैठक कर चुके हैं और कुरुक्षेत्र में सभी ब्राह्मण घटकों की धर्मशाला में भी बहुत संख्या में बैठक हुई है। इस अवसर पर राजकुमार वत्स, कृष्णा वशिष्ठ अधिवक्ता, दिनेश शर्मा, रामनिवास, राजेंद्र शर्मा, कृष्ण पहलवान, सुनील पांचाल, डॉ कुलदीप जांगड़ा, तेजभान पांचाल, विनोद गोस्वामी, सुनील किवाना, प्रमोद शर्मा, हरिओम शर्मा पार्षद, घनश्याम, सुरेश शर्मा, पतंग शर्मा, ईश्वर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

- रादौर की ओड कॉलोनी स्थित आर्य समाज धर्मशाला में आयोजित किया कार्यक्रम
- स्वामी विवेकानंद की श्रद्धापूर्वक मनाई गई पुण्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

रादौर की ओड कॉलोनी स्थित आर्य समाज धर्मशाला में धर्मशाला कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यातिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज धर्मशाला कमेटी के प्रधान रमेशचंद आर्य ने की। धर्मशाला के प्रधान रमेशचंद आर्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद महाराज बहु प्रतिभा के धनी थे। हमें उनके जीवन के हर पहलु से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता हाई कोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे। स्वामी विवेकानंद ने 16 वर्ष की आयु में कलकत्ता से एंट्रेंस की परीक्षा पास की और कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त की। स्वामी विवेकानंद नवंबर 1881 में रामकृष्ण से मिले और उनकी आंतरिक आध्यात्मिक चमत्कारिक शक्तियों से प्रभावित होकर उनके सर्व प्रमुख शिष्य बन गए। स्वामी विवेकानंद ने 1 मई 1897 में कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन और 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की।

### विद्यार्थियों को दी ई-वेस्ट की जानकारी

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में बुधवार को इको क्लब के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को ई-वेस्ट के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर विद्यालय के अंग्रेजी प्राध्यापक पवन रोहिला ने बताया कि ई वेस्ट आज की बहुत बड़ी समस्या है। इको क्लब के इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने बच्चों को ई-वेस्ट जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, रेडियो, प्रिंटर, आईपैड व व्हिच ईयर आदि जो खराब हो जाते हैं को पर्यावरण के लिए एक गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि इन वेस्ट उपकरणों को खुले में जलाना या मिट्टी में दबाना अत्यंत हानिकारक हो सकता है। इसे गंभीर रोगों के बढ़ाने की उम्मीद है। ई कचरे के निपटान

### सफाई कर्मियों का शोषण बंद हो

**पानीपत।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन हरियाणा के प्रदेश महासचिव बलजीत वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया की मात्र एक हजार वेतन बढ़ाकर मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी की है। जबकि भाजपा ने 2014-2019 के अपने चुनावी घोषणा पत्र में ग्रामीण सफाई कर्मचारी व नगर निगम, नगर पालिकाओं में लगे सभी सफाई कर्मचारियों को पक्का करने व ठेकेदारी प्रथा खत्म करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही सफाई कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना गया तो आगामी विधानसभा चुनावों में सफाई कर्मचारी भाजपा को हराने का काम करेंगे।

### क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत करवाएं ठीकः सोनू

**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में बुधवार को सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जगाधरी के एसडीएम सोनू राम ने की। उन्होंने बैठक में पीडब्ल्यूडी, एनएचआई व मार्किटिंग बोर्ड के अधिकारियों को जिस क्षेत्र में सड़कें क्षतिग्रस्त उन्हें तुरंत ठीक किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम सोनू राम ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है। बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिन्दगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुनिश्चित करें कि युवा नशा करके वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि जिन जिन सड़कों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं। वहां पर यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य सही ढंग से हो व कार्य प्रगति का सूचना पट्ट अवश्य लगाया जाए।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। इन योजनाओं में मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में काफी कारगर है। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय पांच लाख रुपये या फिर इससे कम है। इसके साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

### स्वास्थ्य विभाग का नलकूप बंद होने के कगार पर

# बरसाती पानी से गोल्डन पार्क में गंदगी का आलम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



समालखा में गोल्डन पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारीगण। फोटोः हरिभूमि

नगर विकास मंच के प्रयासों से बाद गोल्डन पार्क में आज प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए समालखा नगर विकास मंच समालखा के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा ने बताया गोल्डन पार्क में बरसाती पानी के खडा होने से पूरे पार्क में गंदगी का आलम है। वहीं, जन स्वास्थ्य विभाग का नलकूप बंद होने के कगार पर है। जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को पानी नहीं मिल रहा। इन्हीं सभी समस्याओं को लेकर मंच के पदाधिकारी राजेंद्र रोहिल्ला, सचिव अनिल शर्मा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले थे और तीन बार एसडीएम कार्यालय में लगने वाले समाधान कैंप में भी इन समस्याओं की शिकायत दी थी। जिनको देखते हुए एसडीएम अमित कुमार अपने स्टाफ और अधिकारियों के साथ गोल्डन पार्क में पहुंचे जहां वह गोल्डन पार्क में गंदगी को देखकर हैरान हो गए। उन्होंने नगर पालिका समालखा के इंजीनियर और सचिव को बुलाकर हालात से अवगत करवाया और जल्द ही समस्या का समाधान करने के लिए कहा। इस अवसर पर हथवाला स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र रोहिल्ला, सचिव अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास गोयल, पूर्व प्रधान संजय कुच्छल, पार्षद पति विपिन छाबड़ा उपस्थित थे।

### पानीपत में कम हुआ अपराध का ग्राफः शेखावत

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में



जिला पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ ही अपराधों पर नकेल कसते हुए अपराधियों को काबू करने के लिए वर्ष 2024 में जनवरी से जून माह के दौरान समय-समय पर जो अभियान चलाए गए उसके सार्थक परिणाम सामने निकल कर आए है।

वहीं, जिला पुलिस द्वारा बीते 6 माह के दौरान गृह भेदन के 5, स्नैचिंग के 4, वाहन चोरी के 3 व साधारण चोरी के 3 गैंग सहित कुल 15 गैगों का सफाया कर इनके 43 आरोपियों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, पानीपत**

**किताबो देवी पत्नी बलजीत सिंह निवासी उग्रखेडी तहसील व जिला पानीपत।**

....प्रार्थीया

बनाम

1. सुखबीर पुत्र रघबीर 2. रेहताश पुत्र रघबीर 3. होशियार पुत्र रघबीर सिंह 4. शकुन्तला पुत्री रघबीर 5. तेजबीर सिंह पुत्र रघबीर 6. संदीप पुत्र रघबीर सिंह निवासीगण गांव उग्राखेडी तहसील व जिला पानीपत ।

.....उत्तरवादीगण

प्रार्थीया ने एक दावा बाबत किये जाने तकसीम भूमि खेवट नं. 731//546 खतौनी नं. 841, रैक्ट नं. 58 किला नं. 20/7 (0-2), रैक्ट नं. 60, किला नं. 11(8-0) 26(1-2), रेक्ट नं. 62 किला नं. 7 (8-0) खसरा नं. 356 (1--12) किते 6 कुल रकबा 26 कनाल-1 मरला खतौनी नं. 842 रेक्ट नं. 59 किला नं. 6(6-8) 18(6-9), 24 मिन (6-0) रेक्ट नं. 60 किला नं. 1 (8-0) 2(8-0) 3(5-14), 9/2(3-3) खतौनी नं. 731 रेक्ट नं. 60 किला नं. 10 (7-7) किते 8 कुल रकबा 51 कनाल-1 मरला, खतौनी नं. 843 रेक्ट नं. 47 किला नं. 17 (8-0) 18(8-0) 23/2(7-8) 24(8-0) रेक्ट नं. 59 किला नं. 5 (7-0) 15/2 (5-0), 17(6-16) 24 मिन (2-7) रेक्ट नं. 63 किला नं. 4 (8-0) किते 9 कुल रकबा 60 कनाल-11 मरले कुल किते 23 कुल रकबा 137 कनाल-13 मरले स्थित गांव उग्राखेडी तहसील व जिला पानीपत जमाबन्दी वर्ष 2014-2015

उपरोक्त विषय पर आपको भेजकर लिखा जाता है कि प्रार्थी ने एक दावा बाबत तकसीम भूमि स्थित गांव उग्राखेडी तहसील व जिला पानीपत इस न्यायालय में दायर किया है। इस न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस भेजने उपरान्त भी उत्तरवादीगण की तामिल ना हो रही है। अतः इस इस्तहार के तहत उत्तरवादीगण व उनके वारसान को सूचित किया जाता है कि उत्तरवादीगण अपने मुकदमे में निश्चित तारीख पेशी दिनांक 25.07.24 को असालतन या वकालतन निम्नहस्ताक्षरी के न्यायालय मे हाजिर आकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकतें है। निश्चित समय पर उत्तरवादीगण के न्यायालय मे हाजिर न आने के कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

यह नोटिस बाबत इस्तहार आज दिनांक 11.06.24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, पानीपत**

